## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 27.02.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उन सभी समस्याओं का समाधान थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित करें।



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ मासिक विचार विमर्श गोष्ठी का किया गया आयोजन..

आज दिनांक 27.02.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ समायिक विषयों पर परिचर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया । जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, इस दौरान किसी प्रकार की कोई शिकायत / समस्या प्रकाश में नहीं लायी गयी ।

इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित में प्राप्त सुझावों से जनपद की पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त होगी साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने तथा विचारों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायता होगी ।

इस दौरान गोष्ठी में पूर्व सांसद श्री गंगाचरण राजपूत उपस्थित हुये । वर्तमान में विधान सभा सत्र प्रस्तावित होने के कारण अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो सके ।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 27.02.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## महिला सुरक्षा विशेष दल (एण्टीरोमियो स्क्वाड) द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला अधिकारों/महिला सुरक्षा के बारे में किया गया जागरूक-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान" के अंतर्गत गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल के क्रम में आज दिनांक- 27.02.2023 को जनपद महोबा के समस्त थानों में गठित महिला सुरक्षा विशेष दल (एण्टीरोमियो स्क्वाड) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया जिसमें महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर हेल्पलाइन-1930 व UPCOP App आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त हेल्पलाइन नंबर या नजदीकी पुलिस थाना/महिला हेल्पडेस्क को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया ।













प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 27.02.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने चोरी की योजना बना रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,कब्जे से अवैध तमंचा/कारतूस सहित चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में निर्देशन पर जनपद में चोरी व नकबजनी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 27.02.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार गुप्ता द्वारा गठित टीम के व0उ0नि0 कन्हैयालाल द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण को ब्रदर्स ढाबा के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 41/23 धारा 401 आईपीसी बनाम 1.नजीम उर्फ लालू पुत्र सिराज उम्र 24 वर्ष नि0 स्टेशन के पास मऊपुरा बेलाताल थाना कुलपहाड जनपद महोबा 2. यूनूस खाँन उर्फ बबलू पुत्र मासूम खाँन उम्र करीब 28 वर्ष नि0 मऊपुरा बेलाताल थाना कुलपहाड जनपद महोबा 3. लल्लू खाँन पुत्र सुरेश खाँन उम्र 25 वर्ष नि0 मऊपुरा बेलाताल थाना कुलपहाड जनपद महोबा के विरुद्ध पंजीकृत किया गया एवं मु0अ0सं0 42/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम नजीम उर्फ लालू पुत्र सिराज व मु0अ0सं0 43/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम यूनूस खाँन उर्फ बबलू पुत्र मासूम खाँन व मु0अ0सं0 44/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम लल्लू खाँन पुत्र सुरेश खाँन उम्र 25 वर्ष पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मान0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0 कन्हैयालाल 2. उ0नि0 शशांक देव शुक्ला
3. हे0का0 सूरज चौहान 4.हे0का0 राघवेन्द्र सिंह 5.का0 अभिषेक कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 27.02.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **27.02.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **101** ई-चालान किये गये।










महोबा पुलिस